भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 43
सोमवार, 21 जुलाई, 2025 (30 आषाढ़, 1947, (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

पाकयोंग विमानपत्तन की परिचालन स्थिति

43 श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चाः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पाकयोंग विमानपत्तन 2018 में चालू होने के बाद से तकनीकी कारणों से मई 2024 से पूरी तरह से बंद है;

(ख) यदि हाँ, तो पाकयोंग विमानपत्तन के संचालन में संभावित सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं;

(ग) क्या सरकार के पास पाकयोंग विमानपत्तन पर विमान संचालन फिर से शुरू करने के लिए कोई विशेष योजना है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ङ): पाक्योंग हवाईअड्डा, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) का प्रचालनरत हवाईअड्डा है और इसे दृश्य उड़ान नियम (वीएफआर) एयरोड्रोम के रूप में लाइसेंस प्राप्त है। पाक्योंग हवाईअड्डे पर जून, 2024 तक अनुसूचित वाणिज्यिक उड़ानें परिचालित की गई थीं।

मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ ही भारतीय घरेलू विमानन को नियंत्रण मुक्त कर दिया गया है। एयरलाइनें सेवा और परिचालन हेतु, सरकार द्वारा जारी किए गए मार्ग संवितरण दिशानिर्देशों (आरडीजी) और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अनुमोदित उड़ान अनुसूचियों के अनुपालन के अध्यधीन किसी भी प्रकार के विमान को शामिल करने, कोई भी बाज़ार और नेटवर्क का चुनाव करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसलिए, देश में किसी भी हवाईअड्डे तक या हवाईअड्डे से हवाई सेवाएँ शुरू करने का निर्णय एयरलाइन प्रचालकों की परिचालन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता पर निर्भर करता है।

वर्तमान में, पाक्योंग हवाईअड्डे से नई अनुसूचित उड़ानें परिचालित करने के लिए स्लॉट का कोई अनुरोध एएआई के पास लंबित नहीं है।

*****